# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर

शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 1.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 14.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना मऊ,थाना बरगढ़ में किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

समाधान दिवस में तहसीलदार मऊ श्री विजय कुमार, नायब तहसीलदार मऊ श्री जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या,अपराध निरीक्षक थाना मऊ श्री अभयराज सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियोन के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खण्डेहा उ0नि0 श्री विनय विक्रम व उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 156/2023 धारा 379,411 भादवि0 के वाँछित अभियुक्त आशुतोष उर्फ विक्कू पुत्र मुन्ना मिश्रा निवासी अतरैला थाना अतरैला जनपद रीवा मध्य प्रदेश ने गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>**

1.चौकी प्रभारी खण्डेहा उ0नि0 श्री विनय विक्रम

2.आरक्षी मनीष यादव

**(5).** आज दिनाँक-10.08.2024 को अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की उपस्थिति में थाना राजापुर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(6).** आज दिनाँक 14.09.2024 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरण्प्पा जी0एन0 पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली कर्वी में किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु श्री फहद अली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह, एवं राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्यअधिकारी/कर्मचरागीण उपस्थित रहे।

**(7).** आज दिनाँक 14.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में बारावफात त्यौहार एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में थाना रैपुरा में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्यामप्रताप पटेल की उपस्थिति में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। बैंठक में थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ-साथ हिन्दू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के पीस कमेटी के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आगामी बरावफात त्यौहार एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क रहकर किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल थाने पर सूचना देने हेतु बताया गया। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ आपसी सौहार्द से दोनों त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी।